**राजस्थान सरकार**
**ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग**
**(अनुभाग–3)**

क्रमांक एफ 1(2)ग्रावि / नरेगा / गाईड लाईन / 75059 / 2010–11 जयपुर, दिनांक : 03/04/17

जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक,
महात्मा गांधी नरेगा
समस्त राजस्थान।

विषयः– **महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत भूमिहीन सामयिक श्रमिक (Landless Casual Labour) को जॉब कार्ड उपलब्ध करवाने के संबंध में।**

संदर्भ :– **विभागीय समसंख्यक पत्रांक दिनांक 28.12.2016, 24.01.2017 एवं अर्द्वशासकीय पत्रांक दिनांक 22.02.2017**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र द्वारा निर्देश दिए गये कि **SECC** (Socio Economic Cast Census)-2011 के अनुसार जो **Landless Casual Labour** है, उन्हें **महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत जॉबकार्ड उपलब्ध** कराया जावें। यह कार्यवाही **दिनांक 15.01.2017 तक पूर्ण किये जाने** के निर्देश दिये गये थे। **ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्य के श्रम बजट 2017–18 के अनुमोदन के दौरान भी उक्त कार्य की राज्य की कम प्रगति के संबन्ध में ध्यान आकृष्ट करते हुए कार्यवाही दिनांक 30.05.2017 तक पूर्ण किये** जाने के निर्देश दिए गए है।

**SECC डाटा के अनुसार राज्य में 20.65 लाख भूमिहीन श्रमिक है।** दिनांक 30.03.2017 की स्थिति के अनुसार **अभी तक मात्र 2.06 लाख परिवारों** का ही सर्वे किया गया है। राज्य के 16 जिलों यथा **बीकानेर, बून्दी, दौसा, बांसवाडा, पाली, जयपुर, बाडमेर, सीकर, भरतपुर, जोधपुर, अलवर, गंगानगर, जालोर, नागौर, कोटा एवं राजसमन्द** जिलों में अभी तक 10 प्रतिशत से कम **परिवारों का सर्वे** किया गया है (प्रति संलग्न)। शेष जिलों की प्रगति भी संतोषजनक नही है।

अतः इस संबंध में पुनः निर्देशित किया जाता है कि आपके स्तर पर सघन मॉनिटरिंग करते हुये निम्नानुसार कार्यवाही की जावें :–

1. SECC के अनुसार Landless Casual Labour परिवारों के **सर्वे की कार्यवाही दिनांक 30.04.2017 तक** आवश्यक रूप से पूर्ण की जावे।
2. जिन परिवारों के पास महात्मा गांधी नरेगा योजना **के जॉब कार्ड नहीं** है एवं परिवार जॉबकार्ड की इच्छा रखता है, तो ऐसे जॉब **कार्ड की चाहत रखने वाले परिवारों** का पंजीकरण कर **अधिनियम के प्रावधानानुसार जॉब कार्ड जारी** कराया जाना सुनिश्चित किया जावें। यह कार्यवाही दिनांक 30.05.2017 तक आवश्यक रूप से पूर्ण की जावे।
3. नियत तिथि तक **कार्य पूर्ण नहीं करने पर संबन्धित विकास अधिकारी सह कार्यक्रम अधिकारी महात्मा गांधी नरेगा तथा ग्राम पंचायत कार्मिकों के विरूद्ध महात्मा गांधी नरेगा अधिनियम 2005 के सैक्शन 25 के तहत कार्यवाही** की जावे तथा राज्य सरकार को इस बाबत अवगत कराया जावे।

निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जावें।

भवदीय,

**संलग्न** :– उपरोक्तानुसार

(राजीव सिंह ठाकुर)
**शासन सचिव, ग्रामीण विकास**

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. संयुक्त सचिव (महात्मा गांधी नरेगा) ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
3. शासन सचिव, ग्रामीण विकास।
4. आयुक्त, ईजीएस।
5. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, महात्मा गांधी नरेगा एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी समस्त राजस्थान।
6. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, महात्मा गांधी नरेगा राजस्थान बाडमेर।
7. विकास अधिकारी सह कार्यक्रम अधिकारी, महात्मा गांधी नरेगा, पंचायत समिति समस्त।

**परि. निदे. एवं संयुक्त शासन सचिव, ईजीएस**

30.03.2017

| S No. | District | Total Landless Casual Labour as per SECC | HH mapped during IPPE2 | Total HH mapped till date | Willing for Jobcard | Not willing for Jobcard | Total HH Surveyed | % HH Surveyed |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bikaner | 21205 | 0 | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 |
| 2 | Bundi | 67562 | 0 | 11 | 0 | 0 | 11 | 0 |
| 3 | Dausa | 69316 | 0 | 29 | 0 | 4 | 33 | 0 |
| 4 | Banswara | 53399 | 86 | 86 | 0 | 2 | 88 | 0 |
| 5 | Pali | 81375 | 0 | 188 | 0 | 83 | 271 | 0 |
| 6 | Jaipur | 126315 | 0 | 1125 | 8 | 168 | 1301 | 1 |
| 7 | Barmer | 64586 | 793 | 1037 | 0 | 20 | 1057 | 2 |
| 8 | Sikar | 54944 | 0 | 795 | 0 | 563 | 1358 | 2 |
| 9 | Bharatpur | 92018 | 0 | 1806 | 3 | 799 | 2608 | 3 |
| 10 | Jodhpur | 56412 | 995 | 1288 | 2 | 329 | 1619 | 3 |
| 11 | Alwar | 37208 | 0 | 1272 | 3 | 152 | 1427 | 4 |
| 12 | Ganganagar | 110886 | 0 | 3278 | 66 | 1239 | 4583 | 4 |
| 13 | Jalor | 53778 | 3644 | 3647 | 0 | 1 | 3648 | 7 |
| 14 | Nagaur | 85319 | 6147 | 6182 | 0 | 2 | 6184 | 7 |
| 15 | Kota | 72527 | 5737 | 5874 | 0 | 321 | 6195 | 9 |
| 16 | Rajsamand | 40820 | 2461 | 3442 | 0 | 275 | 3717 | 9 |
| 17 | Udaipur | 116070 | 11083 | 11637 | 1 | 15 | 11653 | 10 |
| 18 | Ajmer | 63015 | 6327 | 6327 | 0 | 0 | 6327 | 10 |
| 19 | Karauli | 89181 | 9720 | 9720 | 0 | 0 | 9720 | 11 |
| 20 | Dungarpur | 71029 | 7942 | 7942 | 0 | 0 | 7942 | 11 |
| 21 | Pratapgarh | 36264 | 4327 | 4327 | 0 | 0 | 4327 | 12 |
| 22 | Dhaulpur | 22545 | 0 | 1989 | 438 | 911 | 3338 | 15 |
| 23 | Sirohi | 44593 | 6704 | 6704 | 0 | 0 | 6704 | 15 |
| 24 | Baran | 74507 | 11155 | 11238 | 67 | 12 | 11317 | 15 |
| 25 | Jaisalmer | 36950 | 5722 | 5811 | 0 | 166 | 5977 | 16 |
| 26 | Jhalawar | 91920 | 16732 | 16732 | 0 | 0 | 16732 | 18 |
| 27 | Bhilwara | 76739 | 15413 | 15413 | 0 | 0 | 15413 | 20 |
| 28 | Chittaurgarh | 58111 | 10335 | 11935 | 10 | 526 | 12471 | 21 |
| 29 | Sawai Madhopur | 68620 | 15460 | 15464 | 0 | 0 | 15464 | 23 |
| 30 | Tonk | 53006 | 12705 | 12849 | 0 | 31 | 12880 | 24 |
| 31 | Hanumangarh | 74283 | 0 | 21152 | 1529 | 9303 | 31984 | 43 |
| 32 | Jhunjhunun | 3 | 0 | 2 | 0 | 1 | 3 | 100 |
| | **Total** | 2064507 | 153488 | 189304 | 2127 | 14923 | 206354 | 10 |